## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत बबलिया में कृषक संगोष्ठी का आयोजन



**मंडला।** मुख्यमंत्री की मंशानुसार वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 7 मई को विकासखंड नारायणगंज के ग्राम पंचायत बबलिया में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की अवधारणा पर चर्चा की गई। कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रेखा परस्ते ने किसानों को एम.पी. किसान ऐप के माध्यम से ई-टोकन बुकिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही बताया कि ई-टोकन बुक करने के लिए फार्मर आईडी होना अनिवार्य है। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन्हें पटवारी एवं सर्वेयर से संपर्क कर आईडी बनवाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में नरवाई प्रबंधन को लेकर भी किसानों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने पर शासन द्वारा जुर्माने का प्रावधान किया गया है। 2 एकड़ तक 2500 रुपये, 2 से 5 एकड़ तक 5000 रुपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है। विकासखंड निवास के ग्राम पंचायत सिंगारपुर में भी कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। कृषि विस्तार अधिकारी श्री रविन्द्र मरावी ने किसानों से खरीफवर्ष 2026 की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान बीज भंडारण, खेतों की साफ-सफाई, उर्वरक भंडारण, मृदा नमूना परीक्षण एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किये जब्त



**मंडला।** कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मध्यप्रदेशशासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के पालन में खनिज विभाग मंडलाद्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम हिरदेनगर तहसील मंडलाक्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में एक ट्रैक्टर पावर ट्रैक कंपनी इंजन नंबर ई 3269083 तथा दूसरा ट्रैक्टर पावर ट्रैक कंपनी इंजन नंबर ई 3460754शामिल है। खनिज विभाग द्वारा दोनों वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा मेंसंबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में रखा गया है। संबंधित वाहनों केविरुद्ध मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई कीजा रही है। यह कार्रवाई खनिज निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप सेकी गई।

---

**चुटका परियोजना से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास को मिल रही नई दिशा**

# पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



**मण्डला। चुटका परियोजना से विस्थापित होकर गोंझी में निर्मित पुनर्वास कॉलोनी में बसे परिवारों के जीवन को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन एवं विभागीय अमला लगातार प्रयासरत है। पुनर्वास के साथ-साथ इन परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में भी गंभीर पहल की जा रही है, ताकि विस्थापित परिवार नए स्थान पर आर्थिक रूप से सशक्त होकर बेहतर जीवनयापन कर सकें।**

इसी क्रम में पशु चिकित्सा एवं सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ. उग्रसेन तिवारी गोंझी पुनर्वास कॉलोनी पहुंचे और वहां निवासरत परिवारों से मुलाकात कर उन्हें पशुपालन एवं डेयरी आधारित रोजगार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा की।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व पुनर्वास कॉलोनी में आकर बसे यादव परिवार ने कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के समक्ष पशुपालन गतिविधियों में रुचि व्यक्त करते हुए इस क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई थी। परिवार की इसी इच्छा को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल पहल की और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। इसके बाद उप संचालक डॉ. तिवारी स्वयं कॉलोनी पहुंचे और परिवारों को विभागीय योजनाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

डॉ. तिवारी ने बताया कि शासन द्वारा पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर विस्थापित परिवार स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कॉलोनी के परिवार संगठित होकर दुग्ध संघ का गठन करते हैं, तो इससे उन्हें नियमित आय का स्थायी माध्यम प्राप्त होगा। दुग्ध संघ के माध्यम से यहां उत्पादित दूध का संग्रहण सीधे कॉलोनी से किया जाएगा, जिसके लिए दुग्ध संघ का वाहन नियमित रूप से यहां पहुंचेगा। इससे परिवारों को बाजार तक पहुंचने की चिंता नहीं रहेगी और उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य भी प्राप्त हो सकेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि पशुपालन केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कई अन्य प्रकार के रोजगार भी विकसित किए जा सकते हैं। पशुओं के गोबर से कंडे एवं जैविक खाद तैयार कर अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह कार्य भविष्य में बेहतर आय का माध्यम बन सकता है। इसके अलावा दूध, दही, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों का उपयोग परिवार स्वयं भी कर सकेंगे, जिससे उनके पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार आएगा। इस दौरान परिवारों को पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, चारे की व्यवस्था एवं डेयरी प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दीं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि विस्थापित परिवार आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें। गोंझी पुनर्वास कॉलोनी में विभागीय अधिकारियों की इस पहल से विस्थापित परिवारों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का वातावरण देखा गया। लोगों ने कहा कि पुनर्वास के साथ रोजगार की दिशा में मिल रहा सहयोग उनके नए जीवन की मजबूत शुरुआत साबित होगा।प्रशासन की यह पहल केवल पुनर्वास तक सीमित न रहकर विस्थापित परिवारों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

---

# कृषि विभाग में करोड़ों का हुआ भ्रष्टाचार

### कांग्रेस के किसान अध्यक्ष ने लगाये गंभीर आरोप



**किसानों को नहीं मिल रहा लाभ, कागजों में हो रहा विकास**

**मण्डला।** जिला किसान अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर ने प्रेस को संबोधित करते हुए स्थानीय कृषि विभाग के उच्च अधिकारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि कृषि विभाग में वर्ष 2025-26 खरीफ एवं रबी सीजन में करोड़ों रुपये की कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार किया जा रह है। कृषि विभाग में वर्ष 2025-26 के खरीफ एवं रबी सीजन के दौरान विभिन्न योजनाओं में बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताओं, फर्जी भुगतान, कागजी वितरण और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। उपलब्ध दस्तावेजों एवं जानकारी के अनुसार करोड़ों रुपये की राशि किसानों तक पहुंचने के बजाय कागजों में खर्च दिखाया गया है।

किसानों को बीज वितरण कागजों में दिखाया गया, जबकि वास्तविक वितरण नहीं हुआ। दलहन, तिलहन एवं अन्य योजनाओं में आदान सामग्री का भुगतान किया गया, लेकिन किसानों को सामग्री नहीं मिली। किसान दिवस, प्रशिक्षण, प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में भारी राशि खर्च दर्शाई गई, जबकि कई स्थानों पर कार्यक्रम हुए ही नहीं। फर्जी बिल एवं फर्जी नामों से भुगतान कर दिया गया है। राष्ट्रीय तिलहन मिशन, बीज वितरण एवं प्रदर्शन योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता की गई है। मिट्टी परीक्षण एवं प्रयोगशाला कार्यों में भी कागजी भुगतान किए जाते है। वर्ष 2025-26 में लगभग करोड़ों रुपये के भुगतान में गंभीर गड़बड़ी होने की आशंका है।

सबसे गंभीर बात यह पूरा मामला सीधे किसानों के अधिकार और सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। जिन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को लाभ पहुंचाना था, उनमें कथित रूप से भ्रष्टाचार कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। इन अधिकारी के ऊपर डिंडोरी EOW के द्वारा विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है उसके बाद भी यह मंडला जिले में पद की शोभा बढ़ा रहे है, हम मांग करते है कि सभी भुगतान, बिल, वितरण सूची एवं रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं। किसानों के नाम पर हुए कथित फर्जीवाड़े की ग्राम स्तर पर जांच हो। साथ ही अखिलेश ठाकुर ने यह भी बताया कि गेहूं खरीदी में जिला स्तर पर कई अनियमितताएं सामने आ रही है, स्लॉट सिस्टम से सिर्फ मध्यप्रदेश में ही गेहूं खरीदी क्यों प्रभावित हो रही है अन्य राज्यों में क्यों नहीं?

अगर अगले 7 दिनों में इन परिस्थितियों पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं हुई तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

---

# कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक अधिकारियों के साथ की परिचय बैठक

### विजन-2047 पर हुई चर्चा




मण्डला। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों के साथ परिचय बैठक की। यह बैठक सहकारी समितियों और बैंक की कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही मंडला और डिंडौरी जिले में संचालित सहकारी समितियों एवं जिला सहकारी बैंक के कामकाज का सामान्य ओवरव्यू लिया। कलेक्टर श्री धोटे ने अधिकारियों से सहकारी समितियों की संख्या, उनकी वर्तमान आर्थिक स्थिति समेत विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। उन्होंने भारत सरकार के विजन-2047 के अनुरूप वार्षिक और दीर्घकालीन कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा की। बैठक में यह तय हुआ कि एक सप्ताह बाद फिर से बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# संभागायुक्त ने खूंटापड़ाव गेहूं उपार्जन केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

### किसानों से किया संवाद

**मण्डला।** संभागयुक्त धनंजय सिंह ने आकांक्षी विकासखंड नारायणगंज में विकास कार्यों की समीक्षा के बाद बीजाडांडी विकासखंड के खूंटापड़ाव गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध सुविधाओं तथा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। संभागायुक्त श्री सिंह ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को किसानों की आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को मिट्टी परीक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों तथा खाद-बीज की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा मृदा परीक्षण के सम्बंध में संयुक्त संचालक कृषि विभाग को विभागीय निर्देशों के अनुसार कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के परिवहन और भंडारण में गति लाने के निर्देश दिये। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आकस्मिक वर्षा होने की स्थिति में उपार्जित गेहूँ की सुरक्षा प्रभावी रूप से की जाने के निर्देश भी दिए।

---

# सीआरपीएफ जवानों के लिए स्वास्थ्य शिविर



### टीबी स्क्रीनिंग एवं जांच की गई

**मंडला** -मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन तथा 148वीं बटालियनसीआरपीएफ के विशेष सहयोग से 8 मई को सीआरपीएफ जवानों के लिए स्वास्थ्यशिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम केअंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग, टीबी जांच एवं जनजागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियोंका संचालन किया गया।स्वास्थ्य शिविर में सीआरपीएफ जवानों की टीबी स्क्रीनिंग की गई तथासंभावित टीबी मरीजों की जांच ट्रूनॉट मशीन एवं हैंड हेल्ड चेस्ट एक्स-रे मशीन केमाध्यम से की गई। साथ ही उपस्थित जवानों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवंउपचार संबंधी जानकारी देते हुए काउंसिलिंग भी की गई।जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर द्वारा जवानों के स्वास्थ्य कापरीक्षण कर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। शिविर मेंटीबी उन्मूलन को लेकर आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता भी फैलाईगई। कार्यक्रम में 148वीं बटालियन सीआरपीएफ से कमांडेंट श्री विक्रांत सारंगपानी,डिप्टी कमांडेंट श्री मनोरंजन कुमार, फार्मासिस्ट श्री अंकित कुमार एवं श्री देवेन्द्रसेन उपस्थित रहे।स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर,चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण उइके, डीपीसी श्री गौरव साहू, एसटीएस श्री मुकुलतुमराम, एसटीएलएस श्री आलोक रंजन अवधवाल, रेडियोग्राफर श्री राघवेन्द्र भलावी,लैब टेक्नीशियन श्री गिरिजाशंकर नागवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीमौजूद रहे।

---

# जनगणना कार्य के दौरान हुआ हादसा



**मण्डला।** कल अलग-अलग 02 सड़क दुर्घटनाओं में जनगणना कार्य के लिये जा रहे 02 शिक्षक घायल हो गये। हाईस्कूल गाजीपुर (मण्डला) में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला जब सुबह जनगणना कार्य के लिये सर्वे हेतु चटुआमार ग्राम जा रहे थे उसी दौरान गाजीपुर के समीप पीछे से तेज गति से आ रहे एक मोटरसाईकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर से श्री शुक्ला वहीं गिर पड़े जैसे-तैसे आसपास के दुकानदारो ने देखा और उनके पास पहुंचे उन्हे उठाया और फिर उनके पड़ोस में रहने वाले लोगों को फोन किया आनन-फानन में आंनद तिवारी एवं पंकज सोनी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल श्री शुक्ला को पहले निजी चिकित्सक धावर्डे को दिखाया और फिर जिला चिकित्सालय लाकर उन्हें भर्ती कराया।



**अलग-अलग दुर्घटनाओं में 02 शिक्षक घायल**

इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को इस दुर्घटना की जानकारी दी गई लेकिन प्रशासनिक रूप से न तो कोई अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी जिला चिकित्सालय पहुंचा और चिकित्सालय पहुंचना तो दूर किसी भी अधिकारी-कर्मचारी ने न तो फोन पर उनकी कुशलक्षेम पूछी और न ही चिकित्सालय प्रबंधन को बेहतर उपचार के लिये कहा। इसका परिणाम यह रहा कि घायल शिक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला और उनके साथ उनके परिजन अस्पताल में बैठे रहे उपचार के नाम पर एक बॉटल लगा दी गई जब शाम के समय मीडिया के लोग पहुंचे तब कहीं जाकर सी.टी. स्केन एवं एक्सरे हुआ सी.टी. स्केन की रिपोर्ट दूसरे दिन मिलेगी लिहाजा फिल्म देखकर डॉ. जेटली ने कुछ भी उपचार देने में असमर्थता जाहिर की ऐसे में परिजनों ने घायल शिक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला को घर लेकर आ गये अब आज सी.टी. स्केन रिपोर्ट मिलने के बाद ही ज्ञात हो सकेगा कि चोट कितनी गंभीर है और उसका उपचार क्या होगा।

इसी तरह नैनपुर विकासखण्ड में ग्राम झिरिया सुभरिया हाईस्कूल में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक गौरव अग्रवाल के साथ भी जनगणना के लिये जाते समय दुर्घटना घटित हो गई उन्हें भी ट्रेक्टर चालक द्वारा घाट पर ट्रेक्टर पीछे करते हुये टक्कर मार दी। घायल शिक्षक गौरव अग्रवाल को किसी तरह जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उनके हाथ पर फ्रेक्चर है और जिसके लिये ऑपरेशन कर प्लेट डालने की बात चिकित्सक कह रहे हैं। यह पर भी उक्त शिक्षक एवं उनका परिवार ही लगातार उपचार हेतु यहां से वहां परेशान होता रहा लेकिन प्रशासनिक रूप से न तो कोई अधिकारी न ही कोई कर्मचारी इनके सहयोग के लिये आया। इनकी तरह और भी न जाने कितने शिक्षक हैं जो जनगणना कार्य में लगे होकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों का इस तरह असहयोगपूर्ण रवैया निश्चित रूप से इन शिक्षकों की मनोस्थिति को नुकसान ही पहुंचा रहा होगा।

---

# लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं - कलेक्टर

## बैंक लिंकेज एवं स्वरोजगार प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा

**मंडला**- कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय डीएलसीसी(जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति) की बैठक आयोजित की गई, जिसमेंरोजगारमूलक योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक लिंकेज तथा स्वरोजगार योजनाओंकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला योजना भवन में आयोजित इसबैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, सहायक कलेक्टर श्री शैलेन्द्रचौधरी, संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, आरबीआई मैनेजर श्रीकांत शर्मा,एलडीओ श्री अंकुश सिन्हा, जिला प्रबंधक नाबार्ड श्री देवब्रत पाल सहित संबंधितविभागों के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि विभागीयअधिकारियों को योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलावलाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के प्रभावीक्रियान्वयन के लिए पात्र एवं अच्छे हितग्राहियों के चयन के लिए एरिया मैपिंगसुनिश्चित की जाए।कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि वर्तमान समय रोजगारमूलक योजनाओं केप्रभावी संचालन के लिए अनुकूल है तथा बैंकर्स विभागीय अधिकारियों के साथसमन्वय स्थापित कर प्रकरण तैयार करने में सहयोग करें। उन्होंने बैंकर्स सेअपेक्षा की कि स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों पर सकारात्मकदृष्टिकोण अपनाते हुए नियमानुसार शीघ्र स्वीकृति प्रदान करें तथा स्वीकृत प्रकरणोंमें ऋण वितरण की कार्यवाही समय-सीमा में सुनिश्चित करें।उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं केप्रकरणों का नियमित फॉलोअप किया जाए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय परलाभ मिल सके। कलेक्टर श्री धोटे ने आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित युवाओं के प्रशिक्षणउपरांत फॉलोअप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।पिछड़ा वर्ग विभाग की स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टरश्री धोटे ने कहा कि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं एनआरएलएम के बीचबेहतर समन्वय स्थापित किया जाए तथा गांवों में भ्रमण कर हितग्राहियों केविजन एवं आजीविका आधारित योजनाएं तैयार की जाएं।बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं, एसएचजी बैंकलिंकेज, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, डेयरी केसीसी, उद्यम क्रांतियोजना, बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना,कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर योजना तथा संत रविदास स्वरोजगार योजनासहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# लोडिंग वाहन चालकों की मनमानी के चलते राठी तिरहा से लेकर पुराना बस स्टैंड तक दिनभर बनी रहती है जाम की स्थिति, छोटे वाहन चालकों सहित महिलाओं का होना पड़ रहा परेशान






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर का मुख्य मार्ग माने जाने वाला रास्ता राठी तिरहा से पुरानी गल्ला मंडी होते हुये नया बस स्टेन्ड तक पहुंचने वाली सीमेन्ट सड़क लोडिंग वाहनों के खड़े रहने के चलते आमजन के लिये परेशान होना पड़ रहा था। क्योंकि यह नगर का प्रमुख मार्ग इसलिये माना जाता है। देखा जावे तो इसी मार्ग से जहां मुख्य बाजार को पहुंचा जाता है। वही दूसरी ओर मंडी से लेकर पेट्रोल पंपों सहित अनेक शिक्षण संस्थाओं के लिये पहुंचने वाली सड़क होने के कारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के लिये नगरवासियों द्वारा लगातार मांग उठाई जा रही थी जिसके चलते बड़ी मुश्किलों के बीच जब इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली तो नगरवासी खुशी से झूमते हुये देखे गये। इस तरह इस मार्ग का निर्माण होने के बाद भी नगरवासियों की परेशानिया समाप्त होते हुये दिखाई नही दे रही है। सड़क निर्माण होने के बाद इस पर जिस प्रकार लोडिंग वाहन चालको सहित दुकानदारों द्वारा कब्जा जमाया गया है वह परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क की पूरी एक पट्टी पर जिस प्रकार से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा कब्जा जमा लिये जाने के बाद इस समय यहां से यातायात व्यवस्था मात्र एक पट्टी के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि नगर के राठी तिरहा से पुराने बस स्टेन्ड तक अनेक बड़ी लोहा सीमेन्ट सहित अन्य सामग्री की दुकाने संचालित हो रही है जिनका समान ग्राहकों के घरो तक पहुंचाने वाले अनेक प्रकार के लोडिंग वाहन मालिक इसी सड़क की एक पट्टी पर अपने वाहन खड़े करते हुये अघोषित रूप से दिन भर अतिक्रमण करते हुये कब्जा करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल नये बस स्टेन्ड के पास भी देखने मिल रहा है जहां पर इस सड़क की एक साईड की पट्टी पर लोडिंग वाहनों के आलवा अनेक दुकानदारों द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया है..? जिसका परिणाम है कि इस सड़क की एक साईड की पट्टी से जहां वाहन मालिकों का कब्जा होने से यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से बंद होने के कारण आमजन को अपने वाहन मात्र एक ही पट्टी से निकालने के लिये मजबूर रहने की स्थिति में जब बीच में कोई बड़ा वाहन फंस जाता है तो काफी समय तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी का सामना उन छोटे वाहन चालकों को करना पड़ता है जो दो पहिया वाहन से अपने परिवार को लेकर यहां से कही निकलकर जा रहे होते है या फिर कोई महिला स्कूटी के माध्यम से इस मार्ग से निकल रही होती है। वही दूसरी ओर हाथ ठेला के भरोसे अपनी रोजी रोटी कमाने वालो द्वारा इस प्रकार से सड़क पर अघोषित रूप से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा किये गये अपने वाहनों के माध्यम से अतिक्रमण के चलते उनकी रोजी रोटी भी छिनने से नही चूक पा रही है। यदि गौर किया जावे तो इसी मार्ग के किनारे अनेक ट्रांसपोर्ट भी संचालित हो रहे है जिनका माल आने ले जाने वाले ट्रको की लोडिंग व अनलोडिंग भी इसी सड़क पर खड़े करते हुये किये जाने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का सबब बनने से नही चूक पा रहा है..? जिसके चलते यदि सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बड़ी मुश्किल से बनकर तैयार हुई इस सड़क को लेकर जिस प्रकार से नगर के लोगों ने सोचा था कि उन्हें परेशानी से निजात मिल जावेगी मगर जिम्मेदार अधिकारियों की अनादेखी के चलते वह मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? इस तरह सड़क पर लगातार बढ़ रही वाहनों के अतिक्रमण की सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की यह अनदेखी एक बड़ी घटना को ओर संकेत देते हुये जान पड़ रही है..? जबकि प्रतिदिन इस मार्ग से पुलिस अधिकारियों के साथ साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निकलना होता रहता है, मगर वह भी चुपचाप इस सच्चाई को देखते हुये नजर अंदाज करते हुये निकलने से नही चूक पाते है, जिसके चलते इस मार्ग पर पूर्णरूप से लोडिंग वाहन मालिको का कब्जा होने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। जबकि नगर की सड़को पर यातायात में सुधार लाने के लिये पुलिस द्वारा घुमाये जाने वाला डंडा इस ओर नही घूमने के कारण आमजन को परेशान होने के साथ साथ किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी के दौरान अघोषित बिजली कटौती ने छिना आमजन का अमन व चैन

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** भले ही केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकारों द्वारा अपने आपकों किसान हितैषी बताते हुये किसानों की मदद के लिये खड़े रहने का वादा किया जाता रहे मगर इस समय किसान जिस मुश्बित से परेशान होते हुये देखा जा रहा है उस और न तो सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार माने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के द्वारा जिसका परिणाम है कि किसानों को अपने खेतों में लगाई गई मूंग सहित गन्ना फसल की सिंचाई करने के लिये बिजली ही नही मिल पा रही है तो दूसरी ओर भीषण कर्मी के दौरान हो रही अघोषित बिजली के कटौती के कारण आमजन का अमन चेन छिनते हुये जान पड़ रहा है। कहने के लिये तो सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे व आम लोगों के लिये 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया गया है और आये दिन क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के दौरान सत्ता पार्टी से जुडे हुये नेता किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली देने का भरोसा दिलाने में पीछे नही है...? मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से इन दिनों बिजली क अभाव में किसानों के खेतों की क्या हालत हो रही है इस ओर न तो बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है और नही क्षेत्र के जन प्रतिनिधि जिसके चलते क्षेत्र के किसानों द्वारा बड़ी उम्मीदों के साथ अपने खेतों में मूंग फसल बोई गई थी। मगर देखा जा रहा हे कि जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिलने से सिंचाई के आभाव में सूखते हुये दिखाई देने लगी है। इस तरह सालीचौका क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिये निर्धारित समय 10 घंटे में से मुश्किलों के बीच चंद घंटे ही बिजली मिल पा रही है। वही दूसरी ओर ग्रामीणों को उपयोग हेतु 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले अटल ज्योति योजना की बिजली का हाल तो इस तरह देखा जा रहा है कि उसका बोल्टेज कास रोना तो आम बात बनी ही रहती है और दिन रात में कई घंटे तक कटी रहने के कारण लोग गर्मी के दिनों में सुख चेन के साथ सो तक नही पा रहे है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस तरह बिजली विभाग की चल रही मनमानी की ओर क्षेत्र की सत्ताधारी पार्टी से लेकर विपक्ष पार्टी भी जिस प्रकार मौन साधे हुये किसानों की बर्बादी का नजारा देखने में लगी हुई है वह निश्चित तौर से चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है।

### पानी टंकी क्षेत्र में कुत्तों के अंतक से राहगीर हो रहे परेशान, श्वान स्नेह आमजन पर पड़ रहा है भारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है। इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका बनते हुये दिखाई दे रही है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है। पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है। प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ित कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है। बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए। क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ महिनों से देखा जा रहा है शाम होते ही नगर की पानी टंकी क्षेत्र में जिस प्रकार से कुत्तो का आतंक इस तरह होता है कि दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने से नही चूकते है। इस तरह जब कोई बाइक चालक अपनी गति से जा रहा होता है और यहां पर घुमने वाले आवारा कुत्तों का झुंड अचानक भौगते हुये बाहन के पीछे हमला करते हैं।

# शक्कर नदी छिड़ाव घाट पर चला स्वच्छता अभियान, श्रमदान से जल गंगा संवर्धन अभियान को मिलेगी सफलता- मंत्री उदय प्रताप सिंह




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बीते हुये शुक्रवार को प्रदेश के कैविनेट मंत्री ने इस अभियान में शामिल होकर श्रमदान करते हुये जल के महत्व को लेकर आमजन को जागरूक किया गया। बताया जाता है कि बीते हुये शुक्रवार को प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे भारत में स्वच्छता अभियान चलाया है। स्वच्छता अभियान अब धीरे-धीरे जन आंदोलन बन गया है। वही दूसरी ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान जो सफल बनाने के लिए सभी नागरिको को एकजुट होकर जल संरक्षण व जल संवर्धन की दिशा में कार्य करना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को लेकर आज जनप्रतिनिधी अधिकारी कर्मचारी गणमान्य नागरिक और स्वयं सेवी संगठन स्वच्छता अभियान में शामिल हुए है। बताया जाता है कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को नगर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी के छिड़ाव घाट में पहुंचकर शासन द्वारा संपूर्ण प्रदेश में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, तहसीदार प्रियंका नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंत्री सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान और स्वच्छता अभियान को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र की सभी नगर पालिकाओं में ऐसे कार्यक्रम प्रतीक सप्ताह में आयोजित किए जाए। जिससे नागरिकों में जागरूकता बढ़े।



# आचार्य प्रवर संत तारण तरण मंडलाचार्य का गुरूपर्वी महोत्सव मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय श्री संत तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में आचार्य प्रवर संत तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज की गुरूपर्वी महा महोत्सव मनाया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर श्री मन्दिर जी में मंदिर विधि का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है की सोलहवीं सदी के महान अध्यात्म वादि क्रांतिकारी जैन दर्शन के मर्मज्ञ परमवीतरागी संत श्री गुरु तारण स्वामी हुये। जिन्होंने शुद्धअध्यात्म का शंखनाद किया स्वयं मुक्ति मार्ग के पथिक तारण पंथी हुए और समस्त जीवो को मुक्ति का मार्ग तारण पंथ बताया। भारतीय संस्कृति में सोलहवीं शताब्दी का समय संतयुग के रूप में जाना जाता है। उस समय देश के हर कोने में संतों का अवतरण हो रहा था मालवा, मध्य प्रदेश में श्री जिन तारण तरण स्वामी जैसे महान सूर्य का उदय हुआ ,मिति अगहन सुदी सप्तमी विक्रम संवत 1505 (ई सन १४४८) में बिलहरी पुष्पावती में हुआ। आचार्य श्री जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज ने धर्म के नाम पर भ्रमित मानवता को यथार्थ राह दिखाकर जीवो के कल्याण का पथ प्रशस्त किया है। श्री छदमस्त वाणी जी में यह उल्लेख है कि महावीर स्वामी के समवशरण को आचार्य गुरु ने प्रत्यक्ष देखा व दिव्य ध्वनि सुनी थी तभी उन्हें देशनालब्धि और धर्म का विशेष बहुमान था। इसलिए तारण पंत में कहा गया है की हमें तारण स्वामी द्वारा बताए हुए क्रिया कांड और आडंबर रहित क्रिया कलापों से बचाते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने आत्म कल्याण की भावना को भाना चाहिए।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर रोटरी क्लब द्वारा किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शुक्रवार को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर पीडित मानवता की सेवा मे एक कदम आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ने स्थानीय शासकीय सिविल अस्पताल मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि शिविर में महिला शक्ति ने आगे आकर रक्तदान किया। इसमें मुख्य रूप से श्रीमती मधु मालानी,कु ऋषिता मालानी ने रक्तदान एक अनोखी मिशाल पेश की गई। वही शिक्षक सुरेंद्र पटेल शिक्षक द्वारा उनकी माता की पुण्यतिथि पर रक्तदान किया। इसके अलावा अमन जैन द्वारा 3 माह में दूसरी बार रक्तदान किया गया। इसी कड़ी में दीपक नोरिया, संतोष कौरव, विकास ठाकुर, अभिषेक कुर्मी, हरनारायण कीर, छोटू कीर, विनोद कौरव पत्रकार सहित पंडित हर्षित एवं अमूल गुप्ता द्वारा मदर्स डे एवं प्रवेश लोधी ने भी रक्तदान कर पीडित मानवता की सेवा में अहम योगदान दिया। इस रक्तदान शिविर के आयोजन में रोटरी क्लब द्वारा 3 ब्लड प्रेसर मापने की मशीने सिविल अस्पताल को भेंट की गई। साथ ही रोटरी क्लब के निवेदन पर शक्ति शुगर मिल प्रा. लि.के संचालक रोटेरियन विनीत माहेश्वरी समाजसेवी द्वारा डायलिसिस रुम के लिए दो टन का एसी व 3 ब्लड प्रेसर मापने की मशीने भेंट की गई। इस दौरान शिविर में क्लब के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर मिनेन्द्र डागा ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से ही समाजसेवा से जुड़े कार्य करते हुए लोगों की सहायता कर रहा है। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव मनोज वसा , कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता,अशोक राजपूत,सुनील श्रीवास्तव,शरद मौलासरिया, मनीष जयसवाल, मोनू बड़कुर, अमित पटेल, अमन जैन, प्रियांक सोनी, हर्षित वैद्य, राजेश गुप्ता, अमन जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिविर के आयोजन में डॉ उपेन्द्र वस्त्रकार निखिल साहू , अजय घारू सहित अस्पताल एवं ब्लड बैंक स्टॉफ का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# पुलिस कप्तान अचानक पहुंचे पुलिस थाना पलोहा, थाने की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज/ पलोहा** बड़ा। निश्चित तौर से जब जिला स्तर का अधिकारी अपने अधिनस्थ कार्यालयों में अचानक पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखता है तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अपने कार्य करने की शैली में सुधार आता है तो दूसरी ओर उन्हें मार्ग दर्शन मिलने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जिले के पुलिस कप्तान में देखने मिल रही है। वह अचानक जिले के पुलिस थानों में पहुंचकर निरीक्षण करते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है की बीते हुये दिवस जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना अचानक थाना पलोहा पहुंचे, जहां उन्होंने थाने में आए शिकायतकर्ताओं की सुस्याओं को सुना जाकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए गए । इस दौरान थाना परिसर के रख रखाव एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान लंबित अपराधों एवं शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच के निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध एवं शिकायत जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई। बताया जाता है कि जिला पुलिस कप्तान के इस निरीक्षण के दौरान थाने में आए शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याये। वही संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिये गये। वही निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण और व्यवस्थाओं की जांच की गई। वही पुलिस कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी एवं उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। वही दूसरी ओर थाने में लंबित अपराधों एवं शिकायतों की गहन समीक्षा कर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश देने के साथ साथ अपराधों एवं शिकायतों की जांच में लापरवाही बरतने पर सख्त रुख अपनाने की चेतावनी। आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने और समाधान में पारदर्शिता बरतने की बात कही गई। थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की उपलव्धता की जानकारी लेने के साथ हवालात की स्थिति और बंदियों के रख रखाव की समीक्षा की गई। बताया जाता है कि इस औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा थाने में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को डियूटी के दौरान किसी भी प्रकार की चूक एवं लापरवाही न बरतने की हितायत देते हुए कर्तव्य निर्वाहन के दौरान अनुशासन में रहने हेतु समझाया गया।

# धड़ल्ले से चल रहा है लकड़ी का अवैध परिवहन, खुलेआम बाजारों में बिक रहे सागौन लकड़ी से बनी सामग्री



**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जगंलो की हो रही अंधा धुंध कटाई को लेकर सरकारों के साथ साथ आम लोगों भी चिंतित है। प्रतिवर्ष सरकार द्वारा वृक्षारोपण के नाम से करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है। मगर इसके बाद भी वृक्षारोपण कम ही नजर आता है..? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से अंधा धुध हो रही वनों के साथ साथ राजस्व विभाग में लगे हुये हरे भरे वृक्षो की कटाई के चलते पूरी प्रकृति का वातावरण बदलता जा रहा है तो लकड़ी माफिया जलबे कर रहे है। इस तरह लगातार हो रही वनों की कटाई के साथ साथ जगंली जानवरों की भी लगातार मौत की खबर अब आम बात होती जा रही है। वही दूसरी ओर इन सब को रोकने लिए सरकार द्वारा वन विभाग बनाया गया है। मगर यहां के इस विभाग संपूर्ण कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में दिखाई देने से नही चूक पा रही है? जिसका खुला उदाहरण है कि समीपस्थ जगंली क्षेत्र में लोगों द्वारा संबंधित विभाग की मिली भगत कहा जावे या फिर विभाग की उदासीनता से इमरती लकडी काटते हुए देखी जा रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व विभाग की भूमि पर लगे हुये हरे भरे वृक्षों की लकड़ी माफियों द्वारा बलि चढ़ाने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि मा. उच्च न्यायालय द्वारा लगभग 53 किस्म के वृक्षों की कटाई सहित लकड़ी के परिवहन पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इसके बाद भी वन विभाग सहित राजस्व विभाग के जिम्मेदार माने जाने वाले अधिकारियों की मिली भगत से क्षेत्र के गांवों में किसानों के खेतों में लगे हुये आम, महुआ, बबूल सहित अन्य प्रकार के हरे भरे वृक्षों पर आरी चलाते हुये लकडी माफिया उन्हें धराशायी करते हुये परिवहन करने से नही चूक रहे है, जिसकी सच्चाई क्षेत्र की सड़को पर खुलेआम ताजे कटे हुये पेड़ो की लकड़ी परिवहन करते हुये दौड़ते हुये वाहनों में आसानी से देखने मिल रही है? बताया जाता है कि इस तरह हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करने वाले लोगों द्वारा इस तरह किसानों को जरा से लालच दिखाते हुये उनके खेतों में लगे हुये पेड़ो की कत्लेआम करते हुये बडे बडे शहरों में पहुंचाकर माला माल होने से नही चूक रहे है। इतना ही नही इस तरह लकड़ी की तस्करी करने वाले माफियों द्वारा आये दिन अधिकारियों पर अपनी बडे स्तर पर पहुंच होने का रौब झाड़ने से भी नही चूकते है। यह बात अलग है कि इस तरह लकड़ी के अवैध परिवहन में कुछ महिनों से रूकावट देखने मिल रही थी। मगर कुछ दिनों से फिर गति पकड़ते हुये दिखाई देने लगा है जिसका परिणाम है कि इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतों पर लगे हुये पेड़ो का जहां कत्लेआम होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर इस तरह काटे जाने वाले हरे भरे वृक्षों की लकड़ी या तो जिले से बाहर भेज दी जाती है या फिर गाडरवारा सहित अन्य शहरों में संचालित हो रहे टालो पर पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस तरह क्षेत्र में खुलेआम चल रहे लकड़ी के अवैध परिवहन की सच्चाई रात का अधियारा होते ही शुरू हो जाती है और जहां तहां लकड़ी से लदे हुये ट्रेक्टर ट्राली नजर आने लगे है। इस तरह चल रहे लकड़ी के अवैध परिवहन व कटाई को लेकर निश्चित तौर से वन विभाग की भूमिका सबालों के घेरे में आने से इसय्लिये नही चूक पा रही है। क्योंकि इस लकड़ी के अवैध कारोबार से जुडे हुये लकडी माफियों को आये दिन वन की रखबारी करने वाले अधिकारियों या फिर कर्मचारियों के बीच यारना संबंध निभाते देखा जाना आम बात बन चुकी है? इसी का परिणाम है कि क्षेत्र में फिर हरियाली पर कुल्हाडी चलने के साथ साथ लकड़ी का परिवहन करने वाले वाहन सड़को पर दिखाई देना शुरू हो चुके है।

## खबर संक्षेप

### जिला प्रभारी मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम आज

उमरिया। प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एक दिवसीय भ्रमण पर 9 मई को ताला आएंगे। श्री चौहान कार व्दारा भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे फारेस्ट रेस्ट हाउस ताला आएंगे। दोपहर 12.30 बजे जिला अधिकारियों की बैठक फारेस्ट रेस्ट हाउस मे लेंगे । दोपहर 1.30 बजे जिला कोर ग्रुप की बैठक मे शामिल होने के पश्चात सायं 4 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कलेक्टर ने ग्राम सेहरा में प्रगणक द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का किया अवलोकन

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सेहरा पहुंचकर प्रगणक मीना सिंह द्वारा दन्ना पाल एवं तुलई पाल का किए जा रहे मकान सूचीकरण का एचएलओ ऐप के माध्यम से अपने समक्ष एंट्री करवाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किए जा रहे मकान सूचीकरण एवं जनगणना कार्य की जानकारी ली तथा प्रगणकों से निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी संकलित करने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने प्रगणकों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य पूरी सावधानी,पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ किया जाए, ताकि शासन को सही एवं अद्यतन आंकड़े प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी चर्चा की और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक जनगणना कार्य में सहयोग करें, ताकि जिले का सही आंकलन हो सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,जनपद सीईओ मानपुर अंकित सिरोठिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कारीतलाई में विष्णु वराह का किया अवलोकन

कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को विजयराघवगढ़ तहसील के कारीतलाई पहुंचकर भगवान विष्णु के वराह अवतार की भव्य प्रतिमा का अवलोकन कर प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिमा की कलात्मकता, धार्मिक महत्व और ऐतिहासिक विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरें हमारी समृद्ध परंपरा और आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित एवं विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। अवलोकन के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर तथा एसडीएम विवेक गुप्ता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कलेक्टर श्री तिवारी से प्रतिमा परिसर की व्यवस्थाओं और स्थानीय महत्व के संबंध में जानकारी साझा की

### धान की सीधी बुवाई तकनीक से बदली किसान तारन सिंह की तकदीर

अनूपपुर। जिला अनूपपुर के विकासखंड कोतमा अंतर्गत ग्राम डोंगरियाकला के प्रगतिशील किसान तारन सिंह ने आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की है। वे वर्षों से पारंपरिक रोपाई विधि से धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक लागत, समय तथा मजदूरों की समस्या बनी रहती थी। वर्ष 2024-25 में आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किसान मेले में उन्होंने धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक की जानकारी प्राप्त की और इससे प्रेरित होकर अपने खेत में सीड ड्रिल मशीन द्वारा धान की बुवाई कराई। डीएसआर तकनीक अपनाने से किसान की खेती में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला। जहां पारंपरिक रोपाई में प्रति हेक्टेयर लगभग 12 से 15 हजार रुपये तक का खर्च आता था, वहीं सीधी बुवाई में यह लागत बहुत कम होकर लगभग 1200 रुपये प्रति हेक्टेयर रह गई। साथ ही समय पर बुवाई होने से फसल का विकास बेहतर हुआ तथा उर्वरकों का समुचित उपयोग भी संभव हो पाया। इस तकनीक के कारण किसान को प्रति हेक्टेयर लगभग 5 क्विंटल अतिरिक्त उत्पादन प्राप्त हुआ तथा कुल मिलाकर लगभग 20 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का अतिरिक्त लाभ मिला।

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# लापरवाह अधिकारियों को नोटिस और ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

डिंडौरी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में सबसे पहले पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। इसके बाद शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग जल संसाधन विभाग विद्युत विभाग कृषि विभाग खाद्य विभाग पुलिस विभाग नर्मदा घाटी प्राधिकरण राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नगर परिषद डिंडौरी और शहपुरा सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री ने जल संसाधन विभाग को राधोपुर बसनिया और बिजौरा जलाशय सहित अन्य परियोजनाओं में किसानों की सिंचाई सुविधा के लिए नहर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त बजट प्रस्ताव भेजने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण आहार वितरण और आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन से जुड़ी शिकायतों की भी समीक्षा की गई। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास आश्रम और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों से जवाब मांगा गया।

प्रभारी मंत्री ने जल संसाधन विभाग और राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण के अधिकारियों के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।बैठक में एनआरएलएम विभाग द्वारा बैगा परियोजना में लगभग पांच करोड़ रुपए की राशि के उपयोग की समीक्षा के दौरान अनियमितता सामने आने पर तत्कालीन प्रबंधक ब्लॉक समन्वयक और लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।





नगर परिषद डिंडौरी और शहपुरा के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आठ वर्ष बाद भी अधूरे पड़े आवासों पर नाराजगी जताई और संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।नर्मदा घाटी प्राधिकरण को राधोपुर बांध निर्माण कार्य में तेजी लाने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्माण कार्य जल्द पूरा हो सके।

बैठक में नर्मदा नदी किनारे संचालित मांसाहार दुकानों को हटाने की कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।प्रभारी मंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं एकलव्य विद्यालयों और छात्रावासों में रोटी मेकर मशीन वितरण से जुड़ी शिकायतों की जांच के लिए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया।बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं और उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में ओमकार मरकाम ओमप्रकाश धुर्वे जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते जनपद अध्यक्ष आशा सिंह नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता सारस सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुड़की हाई स्कूल में प्रभार को लेकर विवाद गहराया

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

डिंडौरी। विकासखंड डिंडौरी के मुड़की हाई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य के प्रभार को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया को शिकायत सौंपकर वर्तमान प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुनीता नामदेव को हटाने और उनके स्थान पर अरुण कुमार चौबे को प्रभार सौंपने की मांग की है।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि श्रीमती सुनीता नामदेव का कार्यकाल लंबे समय से विवादों में रहा है। आरोप है कि वर्ष 2015 से 2025 तक फर्जी तरीके से विद्यार्थियों को परीक्षाओं में शामिल कराया गया। इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत डांडविदयपुर पडरियामाल और देवरी की ग्राम सभाओं में प्रभारी प्राचार्य को हटाने के प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं। सामान्य सभा की बैठकों में भी इस मामले को उठाया गया लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



शिकायत में बताया गया है कि 25 मार्च 2026 को जनपद पंचायत डिंडौरी की सामान्य सभा बैठक में हाई स्कूल मुड़की के प्रभारी प्राचार्य पद के लिए अरुण कुमार चौबे का नाम प्रस्तावित किया गया था। वहीं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एक अगस्त 2024 को जारी पत्र में श्रीमती संध्या सिंह को भी प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपने के निर्देश दिए गए थे।आरोप है कि श्रीमती सुनीता नामदेव ने अधिकारियों से सांठगांठ कर किसी भी नए प्रभारी को कार्यभार ग्रहण नहीं करने दिया। शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा 22 जुलाई 2025 को उनका स्थानांतरण हायर सेकेंडरी स्कूल टिकरीपिपरी किया गया था लेकिन उन्होंने वहां भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया।जनपद पंचायत अध्यक्ष और जनपद सदस्य धनराज पुषाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूरे मामले को प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना बताते हुए कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही हाई स्कूल मुड़की में शीघ्र नई नियुक्ति सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

# अचानकमार टाइगर रिजर्व की बाघिन की डिंडोरी वन मंडल में दस्तक,वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी



डिंडोरी। छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व की एक बुजुर्ग बाघिन इन दिनों डिंडोरी वनमंडल के पूर्व करंजिया परिक्षेत्र में विचरण करती नजर आ रही है। वन विभाग द्वारा जंगलों में लगाए गए ट्रैप कैमरों में बाघिन की मौजूदगी दर्ज होने के बाद विभाग अलर्ट मोड पर है।जानकारी के अनुसार उप संचालक अचानकमार टाइगर रिजर्व से हुई चर्चा में पुष्टि हुई है कि यह बाघिन अचानकमार टाइगर रिजर्व की ही है। उसकी उम्र करीब 17 वर्ष बताई जा रही है। इसे रिजर्व की सबसे बुजुर्ग बाघिनों में शामिल माना जा रहा है।

सामान्य वनमंडल डिंडोरी के वनमंडलाधिकारी ने जिलेवासियों विशेष रूप से पूर्व करंजिया क्षेत्र के ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जंगल जाते समय लोग अकेले न जाएं। मवेशियों को चराने या जंगल ले जाते समय दो से तीन लोग साथ रहें और अपने साथ लाठी डंडे जरूर रखें।वन विभाग द्वारा लगातार बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन अमले को देने की अपील की गई है।

# मेहदवानी में जनगणना 2027 सूचीकरण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

शहपुरा - जिले में संचालित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सूचीकरण कार्य को प्रशासन द्वारा तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में मेहदवानी विकासखंड में चल रहे जनगणना कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा जनगणना पर्यवेक्षक प्रभारी जयदीप नंदनवार द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सूचीकरण कार्य, अभिलेखों के संधारण एवं मैदानी प्रगति का जायजा लिया गया।जांच के दौरान यह पाया गया कि जनगणना कार्य में प्रथम महिला दीप आशा साहू ने मेहदवानी ब्लॉक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। उनके द्वारा समयबद्ध, सटीक एवं जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से किए गए कार्य की अधिकारियों ने सराहना की।



उत्कृष्ट कार्य के लिए दीप आशा साहू को जनगणना टीम एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनगणना पर्यवेक्षक प्रभारी जयदीप नंदनवार, नायब तहसीलदार तेजलाल धुर्वे, आरआई सुखदेव भवेदी, सुपरवाइजर (पटवारी) सिंगराम मलगाम, एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। दीप आशा साहू का कार्य अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रशासन ने सभी कर्मचारियों से इसी प्रकार समर्पण भावना के साथ कार्य करने की अपील की है।जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में घर-घर पहुंचकर सूचीकरण एवं आवश्यक आंकड़ों का संकलन किया जा रहा है, ताकि आगामी जनगणना प्रक्रिया को सफल एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण किया जा सके।

# रयपुरा की बेटी शुभी मरावी बनीं डॉक्टर

डिंडौरी।

शहपुरा तहसील के ग्राम रयपुरा की प्रतिभाशाली बेटी शुभी मरावी ने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता को ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और महिला चिकित्सकों के अभाव को शुभी ने बचपन से करीब से देखा। इन्हीं परिस्थितियों ने उनके भीतर समाजसेवा का भाव पैदा किया और उन्होंने चिकित्सक बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का संकल्प लिया।



कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर शुभी ने वर्ष 2021 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने विदिशा स्थित मेडिकल कॉलेज में अध्ययन शुरू किया और निरंतर परिश्रम के बाद वर्ष 2026 में एमबीबीएस परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपना सपना साकार किया।शुभी की सफलता यह संदेश देती है कि स्पष्ट लक्ष्य और लगातार मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि आज ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।शुभी की माता रश्मि संध्या मरावी गृहिणी हैं जबकि उनके पिता जबलपुर में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। शुभी की सफलता में परिवार के सहयोग और माता के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अमेरा के चिराग जायसवाल ने इंडिया-नेपाल यूथ गेम्स में जीता गोल्ड मेडल, क्षेत्र का बढ़ाया मान

शहपुरा - डिंडोरी जिले के शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमेरा निवासी युवा खिलाड़ी चिराग जायसवाल ने इंडिया-नेपाल यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। चिराग की इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। चिराग जायसवाल की इस सफलता पर उनके पिता अनिल जायसवाल सहित पूरे परिवार को लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। क्षेत्र के लोगों ने इसे शहपुरा और अमेरा के लिए गौरव का क्षण बताया है। स्थानीय नागरिकों एवं खेल प्रेमियों ने कहा कि चिराग की मेहनत, लगन और प्रतिभा ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। चिराग जायसवाल की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी।





# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर की अति आवश्यक बैठक आज



अमरपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर एवं कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग शहपुरा विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि आज 9 मई शनिवार को दोपहर 3:30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया) का आगमन होने जा रहा हैं। जिसमें डिंडौरी विधायक एवं जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम के नेतृत्व में अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई हैं। जिस अति आवश्यक आयोजित बैठक में अजय सिंह (राहुल भैया) द्वारा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। जिसमें कांग्रेस पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागणों को निर्धारित समय में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजित बैठक को सफल बनाने की अपील ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा की गई हैं।

# नहीं हुई नहर की सफाई, किसान अपने पैसे से करा रहे मरम्मत

कोतमा। जल संरक्षण एवं किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने के लिए जल संसाधन विभाग के द्वारा करोड़ों की लागत से बांध और नहरों का निर्माण कराया गया है। गत वर्ष वर्षा ऋतु से पूर्व कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा बैठकों में जलाशयों की मरम्मत और नहर निर्माण में गुणवत्ता के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए थे। मौके पर अधिकारियों ने हामी भरी किंतु नतीजा ढाक के तीन पात ही निकला। अधिकांश जलाशयों की जमीनी हकीकत यह है कि इन कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान ही नहीं रखा जा रहा है। कागजों में चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था हकीकत से कोसों दूर है जिसका खामियाजा अन्नदाता को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला कोतमा तहसील के पिपरिया जलाशय का भी है। जहां 10 करोड़ रुपए की लागत से जलाशय एवं नहर का निर्माण कार्य कराया गया। कार्य पूरा होना शेष ही है, वही जुलाई 2022 में पहली ही बारिश में नहर का अधिकांश हिस्सा जगह-जगह से टूट गया था। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से ग्रामीणों ने शिकायत की। सुनवाई नहीं होने पर मामला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचा जहां से मरम्मत के लिए निर्देशित किया गया था। औपचारिकता के लिए टूटी हुई नहर में मिट्टी डाली गई और उसके बाद से दोबारा अधिकारी पहुंचे ही नहीं।

# कलेक्टर ने मानपुर जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण





### समस्त निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने मानपुर जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। श्रीमती सहाय ने ग्राम बरबसपुर में 30 लाख रूपये की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कार्य धीमी प्रगति पर होना पाया गया। जिस पर उन्होने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य मे तेजी लाते हुए जून माह के पहले कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य समानांतर रूप से करने के निर्देश दिए । कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने ग्राम ताला में 10 एकड़ में 38 लाख 4 हजार रूपये की लागत से बन रहे गौशाला का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बताया गया कि गौशाला में 100 मवेशियों के अनुसार व्यवस्था रहेगी इसके साथ ही उनके लिए चारा भूसा एवं पीने के पानी की व्यवस्था रहेगी।कलेक्टर श्रीमती सहाय ने कहा कि जिस जगह पर मवेशियों के लिए चारे भूसे की व्यवस्था की जानी है, उस स्थान को उंचा किया जाए ताकि मवेशी उसमें गिरकर चोटिल न होने पाएं। उन्होंने नव निर्मित नाद से हो रहे पानी के रिसाव को देखते हुए उसे पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्मित करने के निर्देश दिए। मानपुर जनपद पंचायत में 41.87 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे संदीपनी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्लासरूम, आडिटोरियम, मेस आदि का अवलोकन किया । कार्य की प्रगति धीमी होने पर कलेक्टर श्रीमती सहाय ने ठेकेदार को मजदूरों की संख्या बढाने के निर्देश दिए ताकि विद्यालय का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके, और इस क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय का लाभ अतिशीघ्र मिल सके। इसी तरह कलेक्टर श्रीमती सहाय ने मानपुर में बन रहे कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण करते हुए छात्रावास, मेस,पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कन्या शिक्षा परिसर में कुल 492 जूनियर एवं सीनियर छात्राएं रहकर अपने अध्यापन का कार्य करेंगी। संपूर्ण निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,सीईओ मानपुर अंकित सिरोठिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल की काली करतूतों पर भड़का आदिवासियों का सैलाब

**शहडोल। शहडोल की कोख से करोड़ों का काला सोना लूटने वाला एसईसीएल प्रबंधन अब आदिवासियों के सब्र की परीक्षा ले रहा है। रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में अपनी पुश्तैनी जमीन गंवा चुके डोंगरी टोला के आदिवासी किसानों ने प्रबंधन के धोखे के साम्राज्य के खिलाफ अंतिम युद्ध का बिगुल फूंक दिया है। खदान की धधकती आग से ज्यादा तेज गुस्सा आज उन किसानों की आंखों में है, जिनकी जमीन पर खड़ी होकर जय अम्बे जैसी निजी कंपनियां अरबों का मुनाफा कूट रही हैं, जबकि असली मालिक सडक़ों पर मौत या हक के नारे लगा रहे हैं।**

### सत्ता की हनक में चूर सहायक प्रबंधक

प्रबंधन की बौखलाहट का आलम यह है कि भ्रष्टाचार की खबरें बाहर आने से रोकने के लिए अधिकारी अब तानाशाही पर उतर आए हैं। आंदोलन का सच दिखाने पहुंचे पत्रकारों से सहायक खान प्रबंधक अर्जुन जोड़े ने न केवल सरेआम हुज्जतबाजी की, बल्कि अपनी पद की गरिमा को ताक पर रखकर कवरेज रोकने के लिए गुंडागर्दी पर उतारू हो गए। साहब शायद यह भूल गए कि लोकतंत्र में चौथे स्तंभ की आवाज दबाने का अंजाम क्या होता है। बदसलूकी का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है, जो चीख-चीख कर कह रहा है कि खदान के भीतर दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।

### बाहरी को मलाई, भूमिपुत्रों को केवल धूल!

आरोप है कि जय अम्बे कंपनी ने स्थानीय आदिवासियों के हक पर डकैती डाली है। किसानों की उपजाऊ जमीन छीनकर वहां मशीनों का शोर तो गूंज रहा है, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के नाम पर प्रबंधन की सांप सूंघ जाता है। बुद्धु और मुन्ने लाल बैगा जैसे किसानों का कहना है कि हमारी छाती पर पैर रखकर बाहरी लोगों को नौकरियां बांटी जा रही हैं। यह उपेक्षा अब विद्रोह की चिंगारी बन चुकी है, जिसने आज खदान के पहिए जाम कर दिए हैं। एसईसीएल ने न केवल जमीन छीनी, बल्कि वादों की अर्थी भी निकाल दी। दर्जनों किसानों की मॉनेटरी जॉब फाइलों में दफन है। नर्बदा और हरिलाल जैसे आदिवासी आज भी मुआवजे की एक-एक पाई के लिए दफ्तरों की चौखट घिस रहे हैं। आदिवासियों का कहना है कि जब तक नियुक्ति पत्र हाथ में नहीं आता और पूरा मुआवजा बैंक खातों में नहीं पहुंचता, तब तक खदान से कोयले का एक दाना भी बाहर नहीं जाने दिया जाएगा।

# निर्माण कार्य और योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाये: कलेक्टर

**प्रगति कम होने पर सचिव निलंबित**



## कलेक्टर की अध्यक्षता में पंचायतों की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत गोटेगांव के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्य और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र में कलस्टर श्रीनगर, लाठगांव, सिमरिया, कमोद और द्वितीय सत्र में बरहटा, इमलिया, करकबेल, खमरिया (झॉसीघाट) की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र नागेश, एसडीएम गोटेगांव श्रीमती संघमित्रा गौतम सहित जनपद स्तरीय, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम पंचायत जमुनिया में जलसंचय जनभागीदारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रचलित कार्यों में प्रगति नही होने पर ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल ठाकुर को निलंबित करने के निर्देश दिए।

### सचिव को किया निलंबित

उन्होंने इसी प्रकार से मनरेगा के कार्यों में प्रगति नही लाने पर मनरेगा के उपयंत्री कुलदीप विश्वकर्मा को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि जिन-जिन ग्राम पंचायतों के सचिव, जीआरएस के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कोई भी कार्य या गतिविधियां प्रारंभ नही की गई है उनका वेतन काटा जाए। उन्होंने इसी प्रकार से ई-केवायसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम धरती आबा, उत्कृष्ट ग्राम अभियान सहित ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं में कम प्रगति पाए जाने पर एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्य, ऑगनबाड़ी केन्द्रों में एक बगिया मॉ के नाम, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोकपिट, कंटूर ट्रेंच, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, खेत तालाब योजना, डगबेल रिचार्ज, धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान के कार्य, समग्र आईडी, संबल योजना, ई-केवायसी, संपत्ति कर, स्वच्छता कर और नल-जल कर के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

### सुव्यवस्थित रुप से गौशालाओं का संचालन

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में ग्राम पंचायतों में जल संचय जनभागीदारी के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों की शासकीय भूमि में पौधरोपण करने तथा अतिक्रमण की गई भूमि को मुक्त करने की कार्यवाही करने को कहा। पौधरोपण के दौरान पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गौशालाओं का संचालन सुव्यवस्थित रुप से करने के निर्देश दिए। पशुओं के लिए चारागाह तैयार करने को कहा। गौशालाओं की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसी प्रकार से ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। खेत-तालाब योजना के अंतर्गत किसानों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान ग्राम पंचायतों में लंबित निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। ग्राम पंचायतों के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में समग्र आईडी एवं ई-केवायसी की भी समीक्षा की गई। उन्होंने ग्राम पंचायत के प्रत्येक परिवार के लिए समग्र आईडी बनाने तथा सत्यापन और ई-केवायसी कराने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

## ग्रामीणों को दिलाई जल संरक्षण व जल संवर्धन की शपथ



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व जल संवर्धन की दिशा में जिले में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां और कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में ग्राम पंचायत बम्हनी में ग्रामीणों को जल संरक्षण व जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इसका उद्देश्य जल संरक्षण, हरित वातावरण निर्माण एवं पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता लाना है। उपस्थित सभी नागरिकों ने जल को व्यर्थ न बहाने, जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने तथा उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सहित ग्रामवासी मौजूद थे।



# परशुराम ग्रुप द्वारा सुहागिलो का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस परशुराम ग्रुप के तत्वावधान में सुहागिलो पूजा का धार्मिक एवं भक्तिमय आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्राह्मण महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान से सुहागिन माता की पूजा-अर्चना की। पूजन कार्यक्रम श्रीमती प्रीति तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। भजन एवं आरती के मधुर गायन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक हो उठा। उपस्थित सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से सुहागिन माता का पूजन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। कार्यक्रम की व्यवस्थापक श्रीमती रक्षा पालीवाल द्वारा पूजन उपरांत व्रती महिलाओं के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## अवैध परिवहन करने पर एक ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन में खनिज विभाग ने को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग ने एक ट्रेक्टर ट्राली खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर प्रकरण तैयार कर वाहन को पुलिस थाना ठेमी की अभिरक्षा में रखा गया। संयुक्त दल के द्वारा नर्मदा नदी के करहैया घाट एवं घाट पिपरिया का भी निरीक्षण किया गया।



## भाजपा की मासिक बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की मासिक जिला कामकाजी बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व जिला प्रभारी शरद जैन एवं प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी श्रीराम शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 एवं 11 मई को करेली में आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की वृहद रूपरेखा तैयार करना और व्यवस्थाओं का विभाजन करना रहा। बैठक में मुख्य रूप से तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश जिला महामंत्री द्वय सुरेंद्र मोहन नेमा एवं राहुल कौरव, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज महाराज, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी मुख्य रूप से उपस्थित रही। उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ करने के लिए होने वाले इस वर्ग की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा अध्यक्षों को आगामी कार्यक्रम हेतु आवश्यक कार्य विभाजन किए गए। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की सफलता हेतु रणनीति साझा की गई उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल महामंत्री सहित अपेक्षित कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पर्याप्त पुलिस बल ना होने के कारण अपराधिक गतिविधियों पर नहीं लग पा रहा विराम

## कमी के बीच भी किये जा रहे स्थानांतरण

**तेंदूखेड़ा।** तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में पर्याप्त पुलिस बल की काफी लंबे समय से आवश्यकता बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ यहां पर पदस्थ ए एस आई का स्थानांतरण कर दिया गया है। पुलिस बल की कमी के कारण अपराधिक गतिविधियों पर विराम नहीं लग पा रहा है।इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां अपने पैर पसारती चली जा रही है।तुलनात्मक दृष्टि से यदि देखा जाए तो तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा का यह पुलिस थाना 84 ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए तीन तीन न्यायालयों में पुलिस से संबंधित प्रकरणों को समय पर पुलिस कर्मियों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना फिर मुख्यालय पर आने वाले फरियादियों को सुनने से लेकर एक बड़े बल की जरूरत हमेशा से यहां पर देखी जा रही है। सीमित बल पुलिस प्रकरणों को समय में निपटाने के साथ विभिन्न अभियानों में अपनी सलंग्नता को लेकर हमेशा अपने आप में कमी महसूस करती है। हमेशा इस विषय को पुलिस



के वरिष्ठ अधिकारियों को भी क्षेत्रीय लोगों द्वारा होने वाली बैठकों के माध्यम से रखी जाती है।केवल आश्वासनों का झुनझुना की थमा दिया जाता है। जबकि पड़ोसी थानों और चौकियों की यदि हम तुलना करें तो उन थानों में गांव भी बहुत कम मात्रा में हैं और वहां पुलिस बल भी पर्याप्त है। लेकिन तेंदूखेड़ा में बल की कमी हमेशा चर्चाओं में बनीं रहती है। और बल की कमी के चलते पदस्थ सीमित स्टाप अवैधानिक गतिविधियों पर लगाम लगाने में अपने आप को उचित प्रदर्शन भी नहीं कर पाते हैं।

### ककरा घाट पर नियमित पुलिस बल की जरूरत

तेंदूखेड़ा से ककरा घाट होकर गाडरवारा सड़क मार्ग दिन-रात चला करता है। विभिन्न प्रांतों के लोग भी यहां से आवागमन किया करते हैं। वहीं गाडरवारा रेल्वे स्टेशन से तेंदूखेड़ा तरफ मुसाफिर वर्ग ज्यादा तर आता जाता है। वैसे पूर्णिमा और अमावस्या पूर्व विशेष पर पुलिस बल तैनात तो रहता है लेकिन हमेशा 24 घंटे बल तैनात रहेगा तो निश्चित तौर पर अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों में भय का वातावरण बना रहेगा। चूंकि यहां पर एक भवन भी पूर्व में बनकर तैयार खड़ा हुआ है।

### डोभी सहायता केन्द्र भी सुचारू हो

डोभी एक दर्जन से भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। पूर्णतः कृषि उपज पर आश्रित क्षेत्र है। यहां पर एक पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ तो किया गया था लेकिन कुछ ही समय तक चल सका जिसका कारण भी पुलिस बल की कमी ही रहा है। यहां पुलिस सहायता केंद्र खुले रहने से इस क्षेत्र में जहां शांति व्यवस्था कायम रहेगी वहीं इस क्षेत्र के फरियादियों को दस किलोमीटर दूर तक तेंदूखेड़ा थाने में नहीं भटकना नहीं पड़ेगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उदघोषण**

रा.मा.क्र./114 अ-20 (1) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 1, नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट क्र. 2/2 रकवा 4923 वर्गफुट विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/ पिता/ माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता - संदीप कुमार साहू आ. स्व. शंकर लाल साहू सा. नेहरू वार्ड नरसिंहपुर उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम/पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है - संदीप कुमार साहू आ. स्व. शंकर लाल साहू सा. नेहरू वार्ड नरसिंहपुर उक्त अनुसूची के अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 29/05/2026 को प्रात:11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

इश्तेहार आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

